हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024




# साढ़े छह हजार जवानों पर लोकसभा चुनाव में सुरक्षा का जिम्मा, चार हजार पुलिसकर्मी भी करेंगे पहरेदारी, मतदान केंद्रों से लेकर बार्डर तक रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक पार्टियां अपने प्रचार में जुटी हुई है। वहीं निर्वाचन आयोग भी मतदान को लेकर अपनी तैयारियों को पूरा करने में लग गया है। प्रदेश की सबसे हाइप्रोफाइल सीट बन चुकी राजनांदगांव लोकसभा के सैकड़ों बूथ नक्सल प्रभावित इलाके में है। जिसके चलते यहां शांतिपूर्ण मतदान कराना भी निर्वाचन आयोग के लिए एक बड़ी चुनौती रहता है। यही कारण है कि बाकी लोकसभा सीटों के मुकाबले राजनांदगांव में अधिक जवानों की तैनाती की जाएगी। मतदान और सुरक्षा को लेकर पुलिस, सशस्त्र अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया जाएगा।

हालांकि निर्वाचन आयोग ने इसको लेकर भी अपनी तैयारियां कर ली है। राजनांदगांव लोकसभा के चार जिलों में केंद्रीय बल की 68 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें करीबन साढ़े छह हजार जवान शामिल होंगे। इसके अलावा चारों जिलों के पुलिस बल भी चुनाव के दौरान पहरेदारी करने वाली है। पुलिस बल की संख्या लगभग चार हजार है। इतनी बड़ी संख्या में बल का उपयोग मतदान केंद्रों के साथ ही स्ट्रांग रूम में किया जाएगा। इसके साथ ही लोकसभा की सीमाओं से लगने वाले इलाकों में भी जवानों को तैनात किया जाएगा। हालांकि सीमाओं में पहले से ही टीमों को लगाकार चेकिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## बल की 68 कंपनियां देंगी अपनी सेवाएं, दो राज्यों की पुलिस भी रखेगी नजर

### नक्सल के खिलाफ एक्शन जारी

मोहला-मानपुर से लेकर खैरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में बीते कुछ दशकों में नक्सल गतिविधियां देखी गई है। यही कारण है कि यहां कुछ बूथों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। इन बूथों पर ही अधिक जवानों को तैनात किया जाएगा। यही कारण है कि मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले में अधिक कंपनियों को भेजा जा रहा है। 21 अप्रैल तक यह सभी कंपनियां राजनांदगांव लोकसभा पहुंच जाएगी।

### गश्त के साथ सीमाओं पर पहरेदारी

केंद्रीय बल के अलावा जिला पुलिस बल को भी सफल चुनाव संपन्न कराने के लिए तैनात किया जा चुका है। राजनांदगांव के साथ मोहला-मानपुर, खैरागढ़ और कवर्धा जिले को मिलाकर करीबन चार हजार पुलिस कर्मी है। लोकसभा क्षेत्र में करीबन 30 गश्त टीम तैनात किया गया है। वहीं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से लगने वाली सीमाओं पर चौकसी बढ़ाकर वहां से आने-जाने वालों पर नजर रखी जा रही है।



### मोहला-मानपुर में सर्वाधिक कंपनिया

मिली जानकारी के अनुसार चारों जिलों द्वारा कुल 68 कंपनियों की मांग की गई है। इनमें सबसे अधिक 22 कंपनिया मोहला-मानपुर जिले में तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही राजनांदगांव जिले में 15 कंपनियां, खैरागढ़ जिले में 21 कंपनियां और कवर्धा जिले में 10 कंपनियों को चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था संभालने तैनात किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बल की एक कंपनी में 90 से 95 जवान शामिल रहते हैं।

### ईवीएम को किया जा रहा लॉक

एक तरफ जहां सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर मतदान से पहले ईवीएम की टेस्टिंग पूरी कर अब उसे लॉक करने का काम भी अंतिम दौर पर पहुंच गया है। पंडरिया के लिए 393 बैलेट यूनिट, 393 कंट्रोल यूनिट एवं 393 वीवीपैट आबंटित किया गया। कवर्धा के लिए 411 बैलेट यूनिट, 411 कंट्रोल यूनिट एवं 411 वीवीपैट, खैरागढ़ के लिए 283 बैलेट यूनिट, 283 कंट्रोल यूनिट एवं 283 वीवीपैट, डोंगरगढ़ के लिए 270 बैलेट यूनिट, 270 कंट्रोल यूनिट एवं 270 वीवीपैट, राजनांदगांव के लिए 223 बैलेट यूनिट, 223 कंट्रोल यूनिट एवं 223 वीवीपैट, डोंगरगांव के लिए 252 बैलेट यूनिट, 252 कंट्रोल यूनिट एवं 252 वीवीपैट, खुज्जी के लिए 261 बैलेट यूनिट, 261 कंट्रोल यूनिट एवं 261 वीवीपैट और मोहला-मानपुर के लिए 237 बैलेट यूनिट, 237 कंट्रोल यूनिट एवं 237 वीवीपैट आबंटित किया गया।

## सालेकसा को तीसरी रेल लाइन से जोड़ने चार दिन रद्द रहेगी डेढ़ दर्जन ट्रेनें

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव-कलमना रेल खंड के बीच तीसरी रेल लाईन को सालेकसा रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर ने इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग काम के लिए आगामी 27 से 30 अप्रैल तक कुछ ट्रेनों को रद्द किया है। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को अच्छी खासी दिक्कतों का भी सामना करना पड़ेगा।

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ने अप-डाउन की दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर, गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू पैसेंजर, डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)-रामटेक मेमू पैसेंजर स्पेशल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी)-बालाघाट मेमू पैसेंजर अप-डाउन आगामी 27 से 30 अप्रैल तक रद्द रहेगी। 27 से 30 अप्रैल तक नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) से छूटने वाली 08714 स्पेशल रद्द रहेगी। वहीं 27 से 30 अप्रैल को बालाघाट से छूटने वाली 08715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस (इतवारी) मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया।

# समोसे के लिए नाबालिग की हत्या

## सोमनी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ट्रेन में समोसे को लेकर दो नाबालिकों के बीच विवाद हुआ, जिस पर एक ने दूसरे को ट्रेन से बाहर धकेल दिया था। जिससे नाबालिग रेलवे ट्रेक में मृत अवस्था में मिला। इस मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने 48 घंटे के भीतर मामले का खुलासा किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मौहाभाटा और मुड़ीपार रेलवे ट्रैक के मध्य एक बालक की लाश मिली थी, जिस पर थाना सोमनी के मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। अज्ञात युवक की पतासाजी हेतु पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में सोमनी थाना निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम को लगाया गया। प्रारंभिक जांच में अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर ही मौत होना प्रतीत हो रहा था, किन्तु पतासाजी के दौरान मृतक की पहचान समीर महानंद पिता वरुण महानंद 14 वर्ष निवासी गोपाल नगर थाना गुडियारी रायपुर के रूप में हुई।



### की गई कार्रवाई

ट्रेन में समोसे को लेकर विवाद के बाद नाबालिग युवक को ट्रेन से धकेल दिया गया था। मामले की जांच के बाद विधि से संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

\- **कृष्णा पाटले,** टीआई, सोमनी

### पुलिस ने की कार्रवाई

जांच के दौरान तथ्य सामने आया कि समीर की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से नहीं, बल्कि उसके ही साथी नाबालिग बालक उम्र 14 वर्ष निवासी रायपुर का ट्रेन में समोसे को लेकर विवाद होने के कारण ट्रेन से धकेल देने के कारण हुई है, जिस पर थाना सोमनी में धारा 302 भादावि के तहत मामला दर्ज हुआ और विधि से संघर्षरत बालक 14 वर्ष निवासी रायपुर को पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया, जिसे विधिवत बाल किशोर न्याय में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक कृष्णा पाटले, उपनि जलालुदीन खान, आर. शहबाज सिद्दीकी, विकास, मनोज ठाकुर, विनोद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

न्यूरोलॉजी विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी
• लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
• साइटिका (कमर दर्द)

हृदय रोग विभाग
Dr. Zahid Khan
MBBS, MD, DM Cardiologist
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
24x7 DM कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365





## खबर संक्षेप



### 105 वर्षीय साहू ने किया घर पर मतदान

**डोंगरगांव।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बुजुर्गों के घर जाकर मतदान दल मतदान करा रहा है। इसी कड़ी में ब्लाक के अधीन आने वाले बूथ क्रमांक 176 रामपुर मोहभट्ठा निवासी 105 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदाराम साहू ने भी अपने घर पर ही मतदान किया। तहसीलदार आकांक्षा साहू, नायब तहसीलदार वसीम सिद्धकी, पटवारी किशोर वाकड़े, विजय साहू, किशोर यादव, घनश्याम यादव, दिनेश साहू, रितेश सिन्हा की उपस्थिति में टीम पोस्टल बैलेट और बॉक्स के साथ घर पहुंची और मतदान प्रक्रिया पूर्ण किया।

### फटा कपड़ा, नेता आए सामने



**सड़क अतरिया।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनप्रतिनिधियों के चित्रों को कपड़ा आदि से ढक दिया गया है। इसी कड़ी में सड़क अतरिया के प्रवेश द्वार में लगे जनप्रतिनिधि की फोटो को ढका गया था जो बीते सप्ताह भर से खुला है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते सप्ताह बारिश और आंधी के चलते कपड़ा फट कर निकल गया है। यह प्रवेश द्वार मतदान केन्द्र से मात्र सौ मीटर की दूरी पर है। यहां से अधिकारी कर्मचारी गुजर रहे हैं किन्तु किसी ने भी इस ओर अब तक ध्यान नहीं दिया है।

### उल्लास से मनाया राम जन्मोत्सव



**पटेवा।** ग्राम सहित अंचल में नवमीं को जोत जंवारा का विसर्जन भक्तिभाव के साथ किया गया। प्रातः गलियों की सफाई किया। सेवा भजन मंडली के भक्ति गीतों के साथ जोत जंवारा गांव का भ्रमण करते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची। परिक्रमा के बाद प्राचीन बांधा तालाब में विसर्जन किया गया। दूसरे पहर राम जन्म महोत्सव का आयोजन कर मानस पाठ किया गया। राम, लक्ष्मण, सीता की शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना किया।

### हवन पूजन के बाद नवरात्रि पर्व का समापन

# मानव श्रृंखला के साथ ज्योति कलशों का विसर्जन, हजारों श्रद्धालु बने साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

देश में विख्यात मां बम्लेश्वरी के दरबार में चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अष्टमी हवन के बाद मनोकामना ज्योति कलश विसर्जन किया गया। पुरातन परंपरा के अनुसार मानव श्रृंखला बनाकर मां बम्लेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों को महावीर तालाब में विसर्जित किया। इस महाआयोजन में हजारो दर्शनार्थी सहभागी बने।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में सुबह से ही ज्योत जंवारा का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया था। दंतेश्वरी मंदिर, काली मंदिर, रणचंडी मंदिर सहित उपर मंदिर और नीचे बम्लेश्वरी मंदिर के ज्योत कलशों का विसर्जन देर रात किया गया। बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने दोपहर को ज्योत उठाने वाली महिलाओं को साडी प्रदान करने के बाद रात्रि 9 बजे तक ओटी भरा। मां बम्लेश्वरी की आरती के साथ काल भैरव, बटुक भैरव, ग्राम देवी -देवता एवं छिनमस्ता माता के आव्हान और ज्योति विसर्जन की अनुमति लेकर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बैगा दीपक उइके, ओमकार महोबिया, शिवराम बैगा, गणेश साहू एवं सहयोगी रामजी तराने ने माता की प्रथम ज्योत की पूजा कर मंदिर प्रांगण से बाहर लाया। उपस्थित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य भक्तों ने कमरे से सभी ज्योति कलशो को बाहर लाकर महिलाओं को सौंपा। ढोल नगाड़े एवं शहनाई की गुंज के बीच रात 11 बजे के बाद शोभायात्रा शुरू हुई। मार्ग में विराजमान सभी देवी देवता, छिनमस्ता माता एवं चौक चौराहों में पूजा करते हुए शोभायात्रा शीतला मंदिर पहुंची।



#### ज्योत का हुआ मिलाप

शीतला मंदिर में दोनो मंदिर की प्रथम ज्योत का मिलाप हुआ। यहां से शोभायात्रा महावीर मंदिर प्रांगण पहुंची। यहां महावीर सरोवर देवता एवं हनुमान जी को श्रीफल भेंट कर बैगाओं ने ज्योति विसर्जन की अनुमति ली जिसके बाद बम्लेश्वरी मंदिर के 901 एवं शीतला मंदिर की 61 ज्योत का विसर्जन किया गया। नीचे मंदिर के ज्योत विसर्जन के पूर्व उपर मंदिर के 7151 ज्योति कलशों का विसर्जन प्रातः 4 बजे हुआ। वरिष्ठ ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, मैनेजर चिंतामणी ठाकुर ने बैगाओं की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर माई की एक ज्योत का विजर्सन उपर टांका तालाब में किया। अन्य ज्योति कलशों को मंत्रोच्चार के साथ पानी का छिडकाव कर शांत किया गया।

#### गले मिलकर दी भोजली

ज्योत विसर्जन के बाद माता की पुनः आरती की गई। ज्योति कलशो को पुनः स्थान में स्थापित कर शांत कराया गया। ज्योत उठाने वाली महिलाओं सहित सहयोग करने वाले कार्यकर्ता, मंदिर कर्मचारियों एवं भक्तों ने एक दूसरे को भोजली भेंट कर गले मिलकर इस महाआयोजन की बधाई दी। इस महाआयोजन में पुलिस, रेलवे प्रशासन एवं अनुविभागीय अधिकारी ने शामिल होकर उसे सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाया। इस मौके पर एसडीएम उमेश पटेल, एसडीओपी आशीष कुंजाम, टीआई सीआर चंद्रा, स्टेशन प्रबंधक एके मंडल, एसके राय, पूर्व स्टेशन मास्टर बिसनाथ यादव, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार विजय साहू, पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, रामजी भारती, थानेश्वर पटिला, संध्या देशपांडे, ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, महेन्द्र परिहार, पिताम्बर स्वामी, अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, बबलू शांडिल्य, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, नवनीत तिवारी, संजय अग्रवाल, रवि पचेरीवाल, गोविंद चोपडा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, श्याम सुंदर नरेडी, अजय ठाकुर, संध्या देशपांडे, गणेश नरेडी, गणेश साहू, पिनु अग्रवाल, मधु नरेडी, एमके देशपांडे, मधुसूदन अग्रवाल, शिशुपाल भारती, महेन्द्र भाई पटेल, राजकुमार नरेडी, अजय, विजय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, दिलीप बिंदल, प्रमोद ठाकुर, केशव नरेडी, अशोक चिरोंजीलाल अग्रवाल, राज छाजेड, नितिन पचेरीवाल, नितिन शांडिल्य, जितेन्द्र सिंग बब्बू, परविंदर सिंग मोंटी, मोनू, शरद अग्रवाल, मुन्ना जैन, सत्यप्रकाश मिश्रा, अनिल शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### शोभायात्रा के साथ जोत-जंवारा विसर्जित

**सड़क अतरिया।** क्षेत्र में चैत्र नवरात्र पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया। माता के भक्त नौ दिन तक भक्ति में लीन रहे। मंगलवार को अष्टमी हवन के बाद मनोकामना ज्योति कलश एवं जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरु हुआ जो दो दिन तक चला। नर्मदा मैय्या के दरबार में इस बार 178 ज्योति कलश प्रज्जवलित किया गया था। बुधवार को विसर्जन किया गया। शाम को पारंपरिक वाद्य यंत्र एवं गीत के साथ शोभायात्रा निकाल कर जोत विसर्जन किया गया। वहीं चकनार, घिरघोली, बेलगांव, जीराटोला, कुकुरमुडा, खैरा नवापारा, खैरबना, गुमानपुर, मानपुर, संड़ी, पंड़रिया, सड़क अतरिया में बुधवार- गुरुवार को जोत जंवारा का विसर्जन किया गया।

# नवरात्रि में परिषद के कार्यकर्ताओं ने दी सेवा

- जिलेभर के कार्यकर्ता जुटे रहे सेवा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने चैत्र नवरात्र के दौरान प्रतिदिन रात्रि में मां बम्लेश्वरी मंदिर में सेवा कार्य किया। नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती है। प्रशासन मुस्तैदी के साथ भक्तों को दर्शन कराने का प्रयास करता है। वहीं मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट भी सुगम दर्शन की व्यवस्था बनाता है। अभाविप के जिला संयोजक अमन बृज नामदेव ने बताया कि परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्टुडेंट फार सेवा कार्य के माध्यम से नौ दिवसीय सेवा कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया। प्रतिदिन अलग अलग नगर के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई थी। इस कार्य में एलबी नगर के 20, डोंगरगांव के 30, खैरागढ़, मोहला के 40, रायपुर के 30, दुर्ग के 30, कवर्धा के 35 एवं अंतिम दिन डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के साथ मिलकर नीचे छिरपानी एवं सीढ़ियों के स्टॉपर के पास भीड़ को नियंत्रित करने का कार्य किया। वहीं प्लास्टिक मुक्त मंदिर परिसर बनाने अभियान चलाया गया। यात्रियों से पॉलिथीन लेकर कपड़े व कॉटन वाले झोले प्रदान किया गया। परिषद के भावेश साहू, आशु, जीत प्रजापति, आनंद मानिकपुरी, थानेश्वर साहू, लवकुश साहू ने घर से दूर रहकर 9 दिन तक अपना समय दिया। इसी प्रकार तुषार चंद्रवंशी, अमन बृज नामदेव, पलाश घोष, पंकज यादव, गुलशन पटेल, भुवनेश्वर भारद्वाज, भूपेंद्र यदु, प्रथम फूटने, साहिल रात्रे, धन्नू वर्मा, अभिषेक रात्रे, क्षत्रपाल पटेल, पंकज सोनी, आदित्य मिश्रा, ऋषि बक्शी, गजेंद्र साहू, हुमेश साहू सहित अन्य सेवा में लगे रहे।

# सड़क पर मवेशियों का डेरा, चालक परेशान



**सड़क अतरिया।** गर्मी के साथ सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ते जा रहा है। मुख्य मार्ग में जगह जगह मवेशियों का झुंड देखा जा रहा है जिससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है।

कई बार सड़क पर मवेशियों के चलते हादसे हो चुके है। रात में वाहन चालकों को सड़क पर मवेशी होने का अंदाजा नहीं हो पाता और हादसा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि एक ओर मवेशी मालिक अपने पशुओं को घर ले जाने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं और दूसरी ओर गौठान में चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है।

# बलात्कार का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

- शादी का झांसा देकर एक साल से कर रहा था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 17 अप्रैल को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा वर्ष जून 2013 से मार्च 2024 तक लगातार शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध स्थापित किया।

शादी करने कहने पर मना कर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देता है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 376 (2) (ढ़) 294, 506 के तहत जुर्म कायम कर विवेचना में लिया।पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बसंल, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन और एसडीओपी लालचंद मोहले के निर्देश में निरीक्षक भीमसेन यादव के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी के छुपने के संभावित स्थानो पर दबिश दिया गया।

लगातार प्रयास कर 24 घंटे के अंदर पुलिस टीम ने आरोपी खेमचंद पिपरोल पिता स्व0 रामसाय पिपरोल निवासी न्यू कृष्णा नगर स्टालर हाऊस सुपेला भिलाई को चारभाठा घुपसाल थाना गैंदाटोला में छुपा था को घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# चिलचिलाती गर्मी के बीच जीत के लिए पसीना बहा रहे नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने बुधवार को ब्लाक के करीब डेढ़ दर्जन गांव पहुंच कर चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान केन्द्र सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते मंहगाई चरम पर है और लोगों का जीना मुहाल हो गया है फिर भी सरकार मंहगाई पर अंकुश लगाने कदम उठाने के बजाए उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है।

कांग्रेस उम्मीदवार श्री बघेल ने ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम मचानपार से अभियान की शुरूवात करते हुए दीवानझिटिया, दीवानभेड़ी, बीजाभांठा, गुंगेरी नवागांव, मनेरी, जामसरार, बरगांव, मोहड़, माथलडबरी, रेंगाकठेरा, चिद्दो, जंतर, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेन्दूनाला, तिलईरवार में जनसंपर्क कर चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार रही है तब तक किसानों की आर्थिक प्रगति के लिए कदम उठाया गया है। अब कांग्रेस ने किसानों के हित को देखते हुए स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने, गरीब महिलाओं को साल में एक लाख, मनरेगा के मजदूरों को 400 रूपए रोजी, राशन के चांवल में कटौती नहीं करने सहित पेंशन राशि बढ़ाकर एक हजार करने की घोषणा की है। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाब वर्मा, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, लीलम गोस्वामी, भूवाल साहू, सोनूराम साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष चेतन साहू, अखिलेश नखत, कमल वैष्णव, मुस्ताक खान, रवि शुक्ला, मदन साहू, राम रोसा आदि मौजूद थे।





### योगी की आमसभा 21 को सागर में



**डोंगरगांव।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्राम सागर में आगामी 21 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा रखा गया है। कुमरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू ने बताया कि श्री योगी सुबह 11 बजे पहुंचेंगे। यहां वह भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में समर्थन मांगेंगे। उनके आगमन से पहले सभी सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। गत दिनों कार्यक्रम स्थल, हेलीपेड एवं पार्किंग स्थल का जायजा लोकसभा संयोजक मधुसुदन यादव ने किया। इस दौरान रविन्द्र वैष्णव, जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष हीरेंद्र साहू, किसुन यदु, मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, अजय पटेल, गुलाब गोस्वामी, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदर साहू , नूनकरण भुआर्य, हिरदे देवांगन, संजय सिन्हा, कंसु यादव, एकांत चंद्राकर सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### विधायक बघेल ने किया जनसंपर्क

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने गत दिनों कोहकट्टा टोला, बरनारा खुर्द, घोटिया , घिकुडिया, तोतलभर्री, उदरीछापर, देवकट्टा, कन्हारगाव , लथमरा एवं संडीडीह पहुंचकर नुक्कड सभा को संबोधितकर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने सभी से ऐसा सांसद चुनने कहा जो दुख सुख में काम आ सके। अंतिम छोर में बसे ग्राम कोहकट्टा टोला, बरनाराखुर्द के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष रोड की मांग की। उन्होंने घोटिया में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा में शामिल होकर लोगों से मुलाकात किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, चुम्मन साहू, सामसाय टांडेकर, मनेंद्र कुंजाम, गौतम वर्मा, हरक पटेल, कीर्तन कंवर, धनु पटेल, कार्तिक वर्मा, धुरुदास मानिकपुरी, सतानंद कंवर, राजेंद्र मंडावी, प्रीतम साहू, किशोर बैस, कुंवरसिंग उइके, गायत्रीबाई, तिजूराम वर्मा, वीरेंद्र मंडावी, लेखूराम, राजू वर्मा आदि उपस्थित थे।

### डोर टू डोर किया जनसंपर्क



भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री दिलीप साहू ने गत दिनों ब्लाक के ग्राम आरी में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पूनमसिंह ठाकुर, दिनेश साहू, देवेंद्र पटेल, संतुराम यादव, थानु राम निषाद, महेंद्र यादव, गिरधर पटेल, दिनेश पटेल, किशन पटेल, दिनेश निषाद, महेश निषाद, कमलेश पटेल, दशरथ राम, रमन पटेल आदि उपस्थित थे।



### मतदाताओं से साधा संपर्क

**एलबी नगर।** लाल बहादुर नगर मंडल अंतर्गत आने वाले ग्रामों में भाजपा नेता चन्द्रिका प्रसाद डड़सेना ने दौरा कर आम सभा एवं बैठक लिया। उन्होंने टाटेकसा, कनेरी, कोठीटोला, बागरेकसा, मोहनपुर, चारभांठा आदि ग्रामों में ग्रामीणों को संबोधित किया। उपरोक्त ग्रामों में भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रत्यक्ष मुलाकात कर प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियों को जनमानस तक पहुंचाने

# संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्टूडेंट फेकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम

## विद्यार्थियों को अवगत कराया विभिन्न गतिविधियों से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में 6, 8 एवं 9 अप्रैल तक एमओयू के तहत फेकल्टी एक्सचेंज के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपोलो महाविद्यालय के बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने फेकल्टी संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आकर विभिन्न गतिविधियों का समापन किया। इसमें अतिथियों का स्वागत किया गया।

तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा उद्बोधन दिया गया। पाठ योजना पर प्रस्तुति दी गई एवं भौतिक शास्त्र, जीवविज्ञान कोशिका पर व्याख्यान दिया गया। अपोलो महाविद्यालय के बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों व फेकल्टी द्वारा योग एवं ध्यान व व्यक्तित्व विकास के लिए व्याख्यान दिया गया। अपोलो महाविद्यालय के फेकल्टी प्रशिक्षणार्थियों ने कैरिकूलम लैब, कम्प्यूटर लैब, साईको लैब, लैंवेज लैब आदि का निरीक्षण किया। दोनों महाविद्यालय के फेकल्टी अपना-अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर अतुल देशलहरा, ललित अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। दोनों महाविद्यालय के शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में महाविद्यालय के संचालकों ने कार्यक्रम की सराहना की एवं सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई।

# सीईओ ने ली जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन, संचालन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने कार्ययोजना बनाने जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक ली। सीईओ सुश्री सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदान का महत्व समझाने स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक, प्राचार्य, महिला समूह, नेहरू युवा केन्द्र शामिल कर ग्राम एवं वार्ड स्तर पर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया जाएगा। फोरम के माध्यम से मतदाता जागरूकता के लिए प्रति सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। सीईओ सिंह ने बताया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान करने हेतु अपने परिजनों को पोस्टकार्ड भेजने हेतु प्रेरित किया जाएगा। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने लोकतंत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मतदान दिवस को दिव्यांग, बुजुर्ग एवं सहयोग की आवश्यकता वाले मतदाताओं के सहयोग के लिए स्काउट-गाइड, रेडक्रास, एनसीसी, एनएसएस के कैडेट्स की सेवाएं मतदान केन्द्र में ली जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हरसंभव प्रयास करने कहा। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में 4 मतदान केन्द्र युवा संचालित, 40 मतदान केन्द्र महिला कर्मी संचालित, 4 मतदान केन्द्र दिव्यांग कर्मी संचालित होंगे। इसके अलावा संगवारी एवं आदर्श मतदान केन्द्र भी बनाए जाएंगे। इन केन्द्रों में आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी एवं सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

**खबर संक्षेप**



### प्रधान पाठक ने कराया नेवता भोज

**बांधाबाजार।** दैहान प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजीव कुमार टेमरे ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को खीर, पुड़ी, हलवा, पापड़ और जिमीकांदा की सब्जी खिलाया। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं , बच्चों ने स्कूल को सजाकर केक काटा। इस मौके पर शैलेन्द्र शर्मा, आनंद चन्द्रवंशी, सुरेंद्र घावड़े, धनेश्वरी विनायक, कीरत गणवीर,, डिलेश्वरी पिथौरा, सुशीला बाई, सलीना बाईं, अशवंन बाई, दीना बाई, टिकेश्वरी बाई, गिरजानंद सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### 91 वर्ष की वृद्ध महिला ने किया मतदान

**मोहला।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर बैठे मतदान करने की दी गई सुविधा से मतदान करना कारगर साबित हो रहा है। वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र औंधी के ग्राम पंचायत सरखेड़ा के 91 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती हिरई बाई ने मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान किया। मतदान करने के उपरांत उत्साहित वृद्ध महिला ने कहा कि मतदान करना वास्तव में एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान करने की दी गई सुविधा से उन्होंने बिना किसी परेशानी के मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में जाकर लंबी कतार में खड़ा होकर मतदान करना उनके जैसे उम्र के लिए बड़े परेशानी होती है। उन्होंने अपनी बहू की मदद से मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दी है।

### ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र.6 राजनांदगांव जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु जिला मुख्यालय मोहला में स्थित शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम की कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है। कमीशनिंग की यह प्रक्रिया दो दिन तक चलेगी। सम्पूर्ण कमीशनिंग प्रक्रिया सभी राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि, कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंन्द्रों में जाने वाली ईव्हीएम मशीनों में अभ्यर्थियों की प्रतीक चिन्ह के साथ नाम वाली पर्ची को संलग्न करने, मशीन में टैग लगाने, मॉकपोल, वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने, इसके साथ ही ईव्हीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, आदि जांच कर कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया जा रहा हैं।

## नगर पालिका और सीमेंट फैक्ट्री के बीच एमओयू

# कचरों से निकले प्लास्टिक को खरीदेगी सीमेंट कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महानगरों की तर्ज पर संगीत नगरी को भी प्लास्टिक मुक्त करने नपा प्रशासन ने सीमेंट कंपनी से अनुबंध किया। अहिवारा के जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी और नपा प्रशासन के बीच बकायदा इसके लिए एमओयू हुआ जिसके तहत कंपनी शहर के अलग-अलग हिस्सों से कचरे से निकलने वाली सभी प्रकार की प्लास्टिक को 12 सौ रूपए प्रति टन के हिसाब से खरीदेगा जबकि नपा का स्वच्छता विभाग को काम कचरों में मिले प्लास्टिक को अलग से इकत्रित करना होगा।

सीएमओ प्रशांत शुक्ला, उपअभियंता दिपाली तंबोली मिश्रा और कंपनी के प्रबंधक विकास तिवारी, सहायक सौरभ सोनी के बीच इस विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा बाद अनुबंध हुआ है। गौरतलब है कि प्लास्टिक मुक्त अभियान तहत सीमेंट कंपनियों को प्लास्टिक देने की योजना पांच साल पहले से चल रही है। खैरागढ़ नपा में इस दिशा में कोई प्रयास नही किया गया, लेकिन अब नगरीय निकाय से मिले निर्देशों के पालन को लेकर नपा का कंपनी से अनुबंध बाद संगीत नगरी में प्लास्टिक इधर-उधर बिखरा नही मिलेगा।



**कचरा संग्रहण के दौरान ही अलग हो जाएगा प्लास्टिक**

अनुबंध बाद सफाई कर्मियों व डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली स्वाच्छता दीदीयों को भी योजना के क्रियांवयन को लेकर नपा प्रशासन ने जानकारी साझा की है जिसके अनुसार पानी पाउच, बोतल, पालीथिन, पान मसाला, डिस्पोजल गिलास, पाउच सहित सभी प्रकार के प्लास्टिक को कचरा संग्रहण के दौरान अलग किया जाएगा जिसे सूखने की सूचना बाद कंपनी अपने वाहन से उसे ले जाएगी। कंपनी प्रबंधक विकास तिवारी ने बताया कि इकट्ठे हुए प्लास्टिक का उपयोग कंपनी के बर्न यूनिट में होगा। नपा प्रशासन से उनका सत्रहवां अनुबंध है इसके पहले 16 निकायों में उनका प्लास्टिक खरीदने और ले जाने का काम चल रहा है।

**अतिरिक्त आय होगी**

शहर से निकलने वाले कचरों में मिलने वाले सभी प्रकार के प्लास्टिक को खरीदने सीमेंट कंपनी से अनुबंध हुआ है। इससे नपा का अतिरिक्त आय होगी वही सफाई व्यवस्था भी बेहतर होगी। - **प्रशांत शुक्ला,** सीएमओ

# सफाई में लापरवाही, ठेकेदार के चलित देयक से राशि की कटौती

## निगम आयुक्त ने वार्डों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता वार्डों में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं और लोगों से फीटबैक लेकर सफाई में गुणात्मक सुधार लाने समझाईस दे रहे हैं। समझाईस उपरांत भी कुछ ठेका वार्डों में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं पाया गया, जिस पर उन्होंने संबंधितों को नोटिस जारी कर राशि कटौती के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिए थे। निर्देश के अनुक्रम में संबंधितों को नोटिस जारी कर देयक से राशि कौटोती की कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिनों पूर्व वार्ड नं. 1, 22 व 40 के सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर राशि कटौती की गई और आज वार्ड नं. 15 में सफाई में लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार का चलित देयकर से राशि 5 हजार रुपए कटौती की गई।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि सफाई जैसे आवश्यक सेवा में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते सफाई में गुणात्मक सुधार लाना है। नागरिकों एवं पार्षदों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। नागरिकों में भी साफ-सफाई के प्रति जागरूकता लाना है।



**पांच कर्मचारी मिले गायब**

आयुक्त गुप्ता द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार को अनुबंध शर्तों के अनुरूप कार्य न करने तथा संबंधित वार्ड की सफाई में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी कर चलित देयक से राशि 5 हजार रुपए कटौती की गई। पूर्व में आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड नं. 15 के सफाई ठेकेदार अध्यक्ष तुलसीपुर परिणिती महिला स्व. सहायता समूह राजनांदगांव को नोटिस जारी किया गया था, नोटिस उपरांत भी सफाई में सुधार नहीं होने पर आयुक्त गुप्ता द्वारा देयक से 5 हजार रुपए राशि कटौती की गई। कटौती नोटिस में लिखा गया कि आपके वार्ड में निरीक्षण के दौरान वार्ड में निर्धारित कर्मचारियों की संख्या के अनुसार 5 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, उपस्थिति पंजी फोटोयुक्त नहीं पाया गया। निर्देशानुसार अनुपस्थित कर्मचारियों की अनुपस्थिति को लाल पेन से दर्शित नहीं किया गया तथा कई स्थानों पर साफ-सफाई का अभाव एवं नालियां जाम पाई गई। इस संबंध में पूर्व में भी सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नोटिस जारी किया गया था। नोटिस उपरांत कर्मचारियों का इस प्रकार अनुपस्थित रहना व सफाई कार्य न करवाया जाना, कार्य में लापरवाही का द्योतक है। उपरोक्त लापरवाही के लिए चलित देयक से 5 हजार रुपए राशि कटौती की जा रही है। पुनः इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति होने पर ठेका समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# 4 हजार प्रशिक्षणार्थियों को एक साथ मिल रही विधानसभा दल क्रमांक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की पहल पर विभिन्न अनोखे नवाचार प्रशिक्षण विधियों का प्रयोग जिले में किया जा रहा है। मतदान दलों को सूचना एवं प्रशिक्षण प्रदान करने एसएमएस सिस्टम, प्रजेंटेशन ऑडियो, वीडियो तकनीक, फ्लोचार्ट ट्रेनिंग, मटेरियल एवं अन्य तकनीक कारगर साबित हो रही है। जिले में एमएमएस के माध्यम से मतदान दलों को प्रशिक्षण एवं अन्य जानकारी प्रदान की जा रही है। एमएमएस के माध्यम से एसएमएस जेनरेट होने से एक साथ लगभग 4000 लोगों को जिनकी ड्यूटी लगी है, उन्हें सूचनाएं प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षणार्थियों को कक्ष, विधानसभा क्षेत्र, मतदान दल क्रमांक की जानकारी मिल रही है। जिससे प्रशिक्षण के दौरान अव्यवस्था एवं भीड़ की स्थिति नहीं होती है। इसी तरह सामग्री वितरण के लिए भी पहले ही मतदान दलों को वाहन प्रभारी, रूट चार्ट, सेक्टर ऑफिसर एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं की समय पर पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में यह अद्वितीय नवाचार प्रभावी है। पहले से सूचना मिल जाने के कारण मतदान दलों के लिए यह सुविधाजनक एवं आसान रहेगा। इतनी बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों को एसएमएस के माध्यम से अलग-अलग तरह की सूचनाएं प्रदान करना चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण सुरूचि ने बताया कि पहली बार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दिनभर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का टाईम टेबल बनाया गया है। वहीं 45 मिनट की परस्पर वार्ता एवं चर्चा का सत्र रखा गया है। जिसमें सेक्टर ऑफिसर एवं मास्टर ट्रेनर लगातार प्रश्न पूछकर न केवल प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक करेंगे, बल्कि उनकी जिज्ञासा एवं समस्याओं का समाधान करेंगे।

## जिले में अनोखे नवाचार प्रशिक्षण विधियों का प्रयोग, चुनाव में मिलेगा लाभ



**उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सीख रहे**

जिले में प्रथम चरण के पश्चात द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थी उत्साह एवं ऊर्जा के साथ सीख रहे हैं। उत्सुकता एवं जिज्ञासा के साथ सीखने के साथ ही अपने फीडबैक एवं सुझाव भी दे रहे हैं। जिले के 840 मतदान केन्द्रों में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिनमें ठाकुर प्यारेलाल नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, गुरूनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, महारानी लक्ष्मीबाई आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवीन तकनीक के प्रयोग ने निर्वाचन गतिविधियों एवं प्रक्रिया को सुगम बना दिया है। सी-विजिल, वोटर हेल्प लाईन एवं सुविधा से निर्वाचन कार्य आसान हुआ है।

### कक्षावार बनाए गए वाट्सएप ग्रुप

उल्लेखनीय है कि पहली बार प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक कक्ष में 2 ईव्हीएम रखी गई है, ताकि सभी को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिले। प्रशिक्षणार्थियों को पर्याप्त संख्या में स्टडी मटेरियल, पीठासीन हैंडबुक एवं अन्य अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई गई है। कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। जिसमें मास्टर ट्रेनर जुड़े हैं। जिससे प्रशिक्षण संबंधी किसी तरह की जिज्ञासा का समाधान किया जा सके। सामग्री वितरण के लिए मतदान दलों की सुविधा हेतु कतार बढ़ाई गई है, ताकि उन्हें सुगमता से सामग्री प्राप्त हो सके। एसएमएस एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान करना तथा सूचना शेयर करना आसान हुआ है। ईव्हीएम के व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों की सक्रिय सहभागिता दिखाई दे रही है।

# भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं को विकास और प्रगति का अवसर देगा : विक्रांत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ संकल्प पत्र को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच आरोप और प्रत्यारोप का दौर

भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र को युवाओं के लिए आशा और विश्वास के नए आलोक में विकास व प्रगति के अवसर देने वाला बताते हुए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में काफी तेजी से काम हुआ है और इससे देश की युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के साथ विकास का पर्याप्त अवसर मिला हैं। श्री सिंह ने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काम होने से एक ओर जहां निवेश की नई संभावनाएं आकार लेती है। उद्योग- कारखानों की स्थापना होती है वहीं निवेश से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में युवाओं को फोकस करके यह स्पष्ट कर दिया है कि युवा प्रतिभाओं को अवसर देकर विकसित भारत के संकल्प को 2047 तक साकार करने का विजन लेकर भाजपा काम कर रही है। भाजपा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के मद्देनजर युवाओं की समस्या को ध्यान में रखकर यह संकल्प व्यक्त किया है कि पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्ती करने का निर्णय लिया है।

### हर वर्ग के विकास की गारंटी है मोदी की गारंटी

विक्रांत सिंह ने कहा है कि भाजपा का संकल्प पत्र और उसमें किए गए वादे ही मोदी की गारंटी है। भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने ऐतिहासिक रूप से पूरे विश्व में अपने विकास का लोहा मनवाया है। भारत आज हर क्षेत्र में तेजगति से बढ़ने वाले देशों में शुमार हो चुका है। यूपीए की सरकार के मंदी के दौर से निकलकर आज भारत पीएम के नेतृत्व में विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। भाजपा के संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि 2029 तक भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति पर फोकस किया है। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। वह दिन अब दूर नहीं कि भारत विश्व गुरू कहलाएगा।



### भाजपा, संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करे : मनराखन

कांग्रेस नेता विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र बताते हुए कहा कि बीते दो चुनावो में अपने वादों को भूल जाने वाली भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा का घोषणा पत्र जिसे वे संकल्प पत्र कहते है, केवल जनता को ठगने का हथियार है। जनता में भाजपा और मोदी दोनों की ही विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है इसलिए भाजपा का संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करें। 2014 और 2019 के संकल्प पत्र के वादों के बारे में बात करने की भाजपाईयो पर साहस नही करने का आरोप लगाते हुए मनराखन देवांगन ने पूछा कि युवाओं के लिए सालाना 2 करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दुगुनी करने के वादे और एमएसपी की कानूनी गारंटी का क्या हुआ। किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत जोड़कर समर्थन मूल्य देने, बैंक अकाउंट में 15-15 लाख देने सहित एससी, एसटी, के अधिकारों को सुरक्षित करने के वादे का क्या हुआ। स्मार्ट सिटी, भाजपा सांसदों के गोद लिए गांवो का क्या हुआ, हर परिवार के सिर पर छत, चौबीस घंटे बिजली, 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के वादे के अलावा दर्जनों वादो का जनता मोदी और भाजपा से हिसाब मांग रही है।



### किसानों पर अत्याचार फिर भी सांसद मौन

मनराखन देवांगन ने कहा कि वर्तमान में गैस पाइप लाइन से गैस प्रदान करने की बात कही जा रही है। सांसद संतोष पांडेय के संसदीय क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने वाले गेल लिमिटेड ने किसानों के खड़ी फसल व सिंचाई के लिए बिछाए गए ड्रिप इरिगेशन को जिस प्रकार से तहस-नहस कर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया। किसानों को पहले मुआवजा देना छोड़कर सीधे फसल से वंचित कर दिया। श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा और सांसद में थोड़ी भी नैतिकता है तो गेल लिमिटेड पर अपराध दर्ज कराकर किसानों को उनकी भूमि और उनकी संपति के नुकसान का मुआवजा प्रदान कराए। शौचालय की राशि का हेराफेरी भी लोकसभा क्षेत्र में जगजाहिर है। पीएम उज्जवला गैस योजना के नाम महिलाओं को मुक्त गैस देने का सब्जबाग दिखाकर रिफिलिंग के बोझ तले दबाने का काम भी भाजपा ने किया है। उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग का प्रतिशत आंकड़ों से उजागर हुआ है जो गरीब परिवारों के साथ जुमलेबाजी और अन्याय का साफ उदाहरण है।

## लोकसभा निर्वाचन से संबंधित दायित्वों की दी गई जानकारी

# सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटवार एवं पटेल की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को होने जा रहें निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार निर्वाचन के पूर्व एवं निर्वाचन दिसव को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सरलता से बिना कोई समस्या के निर्वाचन कार्य संपन्न हो सके इसके लिए संबंधित अधिकारियों को सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार एवं पटेल की बैठक लेकर उन्हें उनके दायित्वों की जानकारी देने कहा गया। उक्त तीनों बैठक में तहसीलदार मानपुर श्रीमती रीना मरकाम, तहसीलदार अं.चौकी श्रीमती अनुरिमा एस टोप्पो, सीईओ जनपद पंचायत अं.चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, सीईओ जनपद पंचायत मोहला श्रीमती केशवरी देवागंन सहित जिले के सभी सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार एवं पटेल उपस्थित थे।

**दायित्व एवं कर्तव्यों से कराया अवगत**

इसी क्रम में आज संबंधित अधिकारियों द्वारा जिले के सभी विकास खंडों में बैठक आयोजित किया था। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल अं.चौकी में, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य मोहला में, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर अमित नाथ योगी मानपुर में सभी विकासखंड़ो के सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटवार एवं पटेल की बैठक में उन्हें निर्देशित किया गया कि निर्वाचन के पूर्व एवं निर्वाचन तिथि के दिन उनके दायित्व और कर्तव्यों की जानकारी से अवगत कराया गया। उन्हें समझाईस दिया गया कि वे निष्पक्ष रूप से निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में अपनी सार्थक दायित्व का निर्वहन करें, अपने संबंधी मतदान केन्द्रों में गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था करने एवं मतदान केन्द्र में सभी छोटी-बड़ी समस्याओ को दूर करने अपना सहयोग दे, आदर्श आचार सहिंता के नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक करे, साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया कि वे गांव में मुनादी कर सभी लोगों को निर्वाचन में सहभागी बनने प्रोत्साहित करें।

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान किसी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी अथवा किसी अन्य द्वारा निर्वाचन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर आम नागरिक इसकी शिकायत चुनाव आयोग में कर सकते हैं। इसके लिए 1950 टोल फ्री नंबर अथवा सीविजिल मोबाइल ऐप या जिले में स्थापित कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। सीविजिल (cvigil) एक आसान मोबाइल ऐप है। जिसे आम नागरिक प्ले स्टोर से डाउनलोड करके आचार संहिता का उल्लंघन जैसे लुभावने सामग्री वितरण, बिना अनुमति के रैली, सभा, पोस्टर, बैनर, शराब पैसा आदि वितरण की कोई घटना पाते हैं तो उसे मोबाइल से फोटो खींचकर सीविजिल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके माध्यम से की गई शिकायत की त्वरित जांच करके निर्वाचन कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पुनः शिकायतकर्ता को इसकी रिपोर्ट भेजी जाती है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में शिकायत शाखा का कंट्रोल रूम नंबर 07747 299139 है। जिस पर सीधे कॉल करके या टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल करके आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी शिकायत शाखा में अभी तक एक भी शिकायत नही आया है।

### मतदान दलों के द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्र. 6 राजनांदगांव के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहला मानपुर एवं विधानसभा खुज्जी (आंशिक) के मतदान केंद्रों के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में किया गया। सामान्य प्रेक्षक शशि रंजन एवं कलेक्टर एस. जयवर्धन की उपस्थिति में मतदान दलों का द्वितीय चरण का रेंडोमाइजेशन किया गया। यह गठित दल मतदान दिवस पर अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान कार्य को संपन्न कराएंगे।

**हरिभूमि पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## सार समाचार

### अनुज का आज तीन स्थानों पर कार्यक्रम

**डोंगरगांव।** प्रसिद्ध हॉलीवुड कलाकार तथा धरसींवा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनुज शर्मा कल महतारी वंदन योजना के तहत डोंगरगाँव मंडल भाजपा के तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मीडिया सेल प्रभारी लल्ला यदु के अनुसार कल 19 अप्रैल को दोपहर 11 बजे नगर के साकेत धाम (मटिया रोड), दोपहर 12 बजे ग्राम सोनेसरार, शाम 4 बजे ग्राम अर्जुनी में महतारी वंदन योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम में पद्मश्री अनुज शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल होंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी बघेल आज एमएमसी जिले में



**राजनांदगांव।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्रामों में कल 19 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल सुबह 11 बजे से ग्राम पांगरी, गोराटोला, माहुद, आतरगांव, मोहड़, बूटाकसा, खुर्सीटिकुल, दनगड़, सोमाटोला, आमाडूला, बैगाटोला, गिधाली, कुम्हली, गोटाटोला, मरारटोला, बुढ़ानकट्टा, भोलापुर, रेंगाकठेरा, विजयपुर ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे।

### अमित ने प्रभारी प्राचार्य का दायित्व किया ग्रहण

**राजनांदगांव।** जेएलएम गायत्री विद्यापीठ केशर नगर में संस्था प्रभारी प्राचार्य के



पद पर अमित उत्तलवार का पदग्रहण समारोह संस्था के वरिष्ठ शिक्षकों प्रणव दवे, आशीष शर्मा, अखिलेश मिश्रा, तरनजीत सिंग टूटेजा, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि अमित उत्तलवार विगत 25 वर्षों से गणित के विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनांदगांव शहर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही बच्चों के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा है। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव गगन लड्डा तथा अन्य सदस्यों ने अमित उत्तलवार को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान में परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुलदैहान में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का



परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हिंदी माध्यम 9वीं कक्षा अ वर्ग में मिथलेश साहू प्रथम, देविका वर्मा द्वितीय, ललनी वर्मा तृतीय, ब वर्ग में निखिल कुमार प्रथम, समीर देवांगन द्वितीय, साक्षी एवं सुदेश साहू तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 9वीं अंग्रेजी माध्यम में धारना वर्मा प्रथम, पूर्वा साहू एवं वैष्णवी चंद्रवंशी द्वितीय, ईशिता साहू एवं रेशमा साहू तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11वीं हिंदी माध्यम कला संकाय में गुंजन देवांगन प्रथम, लकी द्वितीय, हुमेश वर्मा एवं खोमलाल वर्मा तृतीय, गणित संकाय में डाली देवांगन प्रथम, टोकेश्वर द्वितीय, पूर्वी साहू तृतीय, बायो संकाय में हेनुका साहू प्रथम, रविना ठाकुर द्वितीय, त्रिलोक वर्मा तृतीय, कामर्स संकाय में कुमकुम देवांगन प्रथम, भूमिका वर्मा द्वितीय, चांदनी चतुर्वेदी तृतीय, कृषि संकाय में भुवनेश्वरी वर्मा प्रथम, राधिका खरे द्वितीय एवं आकांक्षा वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम बायो संकाय में निहारिका सुर्यवंशी प्रथम, युक्ती वर्मा द्वितीय, रेणु गायकवाड़ तृतीय, गणित संकाय में कुणाल साहू प्रथम, कामर्स संकाय में डिगेश्वरी साहू प्रथम, तुषार वर्मा द्वितीय एवं रूचि जैन तृतीय स्थान पर रहे। शाला प्राचार्य डॉ सजीला झा, परीक्षा प्रभारी वंदना तिवारी (हिंदी माध्यम), निशा श्रीवास्तव (अंग्रेजी माध्यम) एवं सभी शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में जमकर झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीराम की शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर बाजे-गाजे की भक्ति भरे धुन में भक्त थिरकते रहे। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। जयकारों की गूंज बनी रही।

श्रीराम नवमी पर्व के परिप्रेक्ष्य में शहर के श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर यहां लोग दोपहर से ही एकत्र होना शुरू हो गए थे। मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

दोपहर से निकली शोभायात्रा शहर के मार्गों से होते हुए देर शाम महावीर चौक श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

ज्ञात हो कि श्रीराम नवमी के अवसर पर शहर में मंगलवार को भी मिलचाल श्रीराम मंदिर से पूजा-अर्चना के पश्चात शाम के समय शोभायात्रा निकाली गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए थे। इसके अलावा अंचल के विभिन्न स्थानों पर भी इस पावन पर्व पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

### श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य पर हुआ आयोजन, गूंजे जयकारे

#### झांकी आकर्षण का केन्द्र

शोभायात्रा में आदिवासी नृत्य, बैंड, भजन मंडली एवं डीजे द्वारा भक्ति धुनों की प्रस्तुति की जाती रही। शहर के प्रमुख मार्गों जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, सदर लाईन सहित अन्य मार्गों से निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में जहां बच्चे भगवान राम-सीता के स्वरूप में जीप में सवार रहे। वहीं भगवान श्रीराम की चलित झांकी भी शामिल किया गया था। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त ध्वज पताका भी लिए हुए थे।



#### कई स्थानों पर स्वागत

शहर के चौक-चौराहों एवं प्रमुख मार्गों में पटाखे फोड़कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। वहीं कई स्थानों पर विभिन्न समाज सेवकों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए जलपान इत्यादी की व्यवस्था की गई थी। भीषण गर्मी का मौसम होने के बावजूद बड़ी संख्या में भक्त इस आयोजन में शामिल हुए। पूरे शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जयकारों की गूंज बनी रही।

## कांकेर मुठभेड़ में मोहला-मानपुर के सक्रिय 12 लाख के इनामी चार नक्सली ढेर

# मीटिंग में शामिल होने गए थे माड़ फोर्स ने कर दिया उनका एनकाउंटर

एनिशपुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर जिले में सक्रिय 12 लाख के चार नक्सली भी कांकेर के कलपर में हुए मुठभेड़ में मारे गए हैं। पुलिस ने नक्सलियों की पहचान कर ली है। जिसमें दो पुरूष और दो महिला नक्सली शामिल हैं। बताया गया कि कुछ और नक्सली की शिनाख्ती की जा रही है। गोली लगने से नक्सलियों की पहचान नहीं हो पा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में विनोद घावडे, राकेश, रीता सलामे और हिड़मे मरकाम की पुलिस ने पहचान कर ली है। कांकेर में मोहला-मानपुर से आत्मसमर्पित नक्सलियों की एक टीम पहचान के लिए पहुंची थी। चार नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में विनोद घावडे और रीता सलामे पर 5-5 लाख रुपए का ईनाम था। वहीं हिड़मे मरकाम और राकेश पर एक-एक लाख रुपए का ईनाम घोषित था। लंबे समय से मारे गए नक्सली संयुक्त रूप से मोहला, मदनवाड़ा और औंधी क्षेत्र में सक्रिय थे। सूत्रों का कहना है कि राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन के नक्सलियों को माड़ में एक अहम मीटिंग में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। जिसमें उत्तर बस्तर डिवीजन के अलग-अलग क्षेत्रों के कुख्यात नक्सली भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नक्सलियों के मारे जाने से पुलिस को बेहद फायदा होगा। लंबे समय से नक्सलियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जानकारी जुटा रही है।



#### विनोद घावड़े, रीता सलामे पर था 5-5 लाख का ईनाम

नक्सलियों में विनोद घावडे मोहला-औंधी एलओएस कमांडर, रीता सलामे मदनवाड़ा एलओएस कमांडर पर 5-5 लाख का ईनाम था। वहीं हिडमे मरकाम और राकेश पर एक लाख का ईनाम घोषित था। यह लंबे समय से संयुक्त रूप से मोहला, मदनवाड़ा और औंधी क्षेत्र के बीहड़ों में सक्रिय थे। सूत्रों का कहना है कि राजनांदगांव- कांकेर बॉर्डर डिवीजन के नक्सलियों को माड इलाके में एक अहम मीटिंग में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। जिनमें उत्तर बस्तर डिवीजन के अलग-अलग क्षेत्र से कुख्यात नक्सली पहुंचे हुए थे।

#### सद्गति के लिए जारी किया संगठन ने पत्र

कांकेर के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त करते माओवादी संगठन की प्रवक्ता रामको हिचामी ने प्रेस नोट जारी करते सभी मारे गए नक्सलियों का नाम-पता सहित लिस्ट जारी किया है। डीवीसीएम शंकर भोपलपल्ली वारंगल आंध्रप्रदेश, बदरू दक्षिण बस्तर, अनीता बस्तर खोन्डोस, विनोद घावडे मानपुर, रीता सलामे मानपुर, रमेश ओयम भैरमगढ़, बचनू गंगालूर, सुरेखा गढ़चिरौली, कविता नेण्डूर, रंजिता आदिलाबाद, भूमे दक्षिण बस्तर, कार्तिक पश्चिम बस्तर, रोशन दरभा डिवीजन, देवाल गंगालूर, दीनू दुरदा, अन्वेष दक्षिण बस्तर, जनिता बस्तर, सजिता मडकम बस्तर, गीता ताकिलोड इंद्रावती, राजू कुरसान प्रकेली, शर्मिला इंद्रावती, सुनिला इंद्रावती, शतिला उत्तर बस्तर ,पिंन्टो गटूम, बजनात उत्तर बस्तर, शीला इंद्रावती, जैनी उत्तर बस्तर आदि शामिल हैं।

#### पुलिस को लंबे समय से थी तलाश

बताया जा रहा है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नक्सलियों के मारे जाने से इस इलाके में शांति कायम करने में अब आसानी होगी। मारे गए इन नक्सलियों की स्थानीय पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। एसपी यशपाल सिंह के निर्देश में घटना से जुड़े अन्य तथ्यों के भी जानकारी पुलिस महकमा जुटा रही है।

### आज भाजपा प्रत्याशी संतोष पैलीमेटा में

- साल्हेवारा क्षेत्र के आधा दर्जन ग्रामों का करेंगे दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल 19 अप्रैल को अपने जनसम्पर्क अभियान को लेकर खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के साल्हेवारा मंडल के आधा दर्जन ग्रामों तथा इसके पश्चात कबीरधाम जिले के रेंगाखार मंडल के डेढ़ दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैलीमेटा से करेंगे। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल 9.30 बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत पैलीमेटा में ग्रामीणों से मुलाकात करते चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात मोहगांव, चोभर, आमगांव, भांजीडोंगरी होते हुए कबीरधाम जिले के रेंगाखार मंडल के ग्राम खारा, उसर्वाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फ़ी पहुचेंगे एवं जनसम्पर्क कर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वे रात्रि विश्राम कवर्धा में करेंगे।

## बघेल को नांदगांव में वोट मांगने का अधिकार नहीं : पांडे

**राजनांदगांव।** भाजपा उम्मीदवार संतोष पांडे ने राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा करते कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं है। वे पांच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, इस दौरान वे राजनांदगंव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करते रहे। डॉ. रमन सिंह सरकार के दौरान विकास कार्यों के लिए भेजी गई धन राशि को उन्होंने वापस बुला लिया था और उसके बाद विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी, विकास कार्य करना तो दूर रहा उल्टे क्षेत्र के अनेक सरकारी विभागों को दुर्ग लेकर चले गए। विकास के नाम पर पूरा क्षेत्र पांच वर्षों तक उपेक्षित रहा। विकास के लिए तरसता व तड़पता रहा, पर भूपेश बघेल के कान में जूं नहीं रेंगी। जितना हो सकता था, यहां के नागरिकों द्वारा डॉ. रमन सिंह को विधायक चुने जाने के कारण उनसे बदला लिया। अब वे किस मुंह से वोट मांग रहे हैं, यह समझ से परे है।



भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री पांडे ने कहा की सेतु विकास निगम का कार्यालय यहां से षडयंत्रपूर्वक दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी अपने गृह जिले दुर्ग ले गया तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को स्थानांतरित किया गया, इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यालय को भी अपने पसंदीदा क्षेत्र में ले गए और तो और महुआ का प्रसंस्करण केंद्र को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन ले जाने का असफल प्रयास किया।

श्री पांडे ने कहा कि अब समय आ गया है, जब हम अपने वोट के जरिये क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले व्यक्ति को सबक सिखाने यह आवश्यक हैं कि हम सब 26 अप्रैल को कमल फूल छाप का बटन दबाए। श्री पांडे राजनांदगांव क्षेत्र के ग्राम डिलापहरी, पारींकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुंचे। इस दौरान नीलू शर्मा, लीलाधर साहू, विवेक साहू, रोहित चंद्राकर, अशोक देवांगन, कृष्णा तिवारी, खिलेश्वर साहू, हेमलता तिवारी, पप्पू चंद्राकर, रामबिलास साहू, हरिशंकर देशमुख आदि शामिल थे।

## लापता सांसद से छुटकारा पाने का समय : बघेल

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को घेरते कहा कि 2019 में उन्हें भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजा, लेकिन जीतने के बाद उन्होंने अपना चेहरा लोगों को नहीं दिखाया। कोरोना की भयावह आपदा में भी सांसद गायब रहे। लगातार मोदी सरकार ने ट्रेनें रद्द की, लोगों को आने-जाने में असुविधा होती रही, लेकिन सांसद चुप रहे, संसद में एक शब्द नहीं बोले। डोंगरगांव विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे सांसद किस काम के, जो जनता की आवाज न उठा सके और जनता की पीड़ा के समय में भी उपलब्ध न हो। उन्होंने कहा कि ऐसे लापता सांसद से छुटकारा पाने का समय आ गया है और इसके लिए तो जनता को इस बार कांग्रेस को जीताना होगा।



श्री बघेल ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार को आए दस साल हो गए, लेकिन विडंबना है कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह सहित भाजपा का कोई नेता अपने दस साल के कामकाज पर वोट नहीं मांग रहा है। उन्होंने कहा कि आपने दस साल सरकार चलाई है तो आपको जनता को बताना चाहिए कि आपको तीसरी बार अगर चुनना है तो किस बात पर चुनना चाहिए, न उनके भाषणों में उनका काम आता है और न उनके विज्ञापनों और होर्डिंग में, तो इसका मतलब साफ है कि इन्होंने दस साल में जनता के हित में कोई काम नहीं किया।

प्रचार के दौरान श्री बघेल ने मचानपार, दीवान, बीजेभांटा, गुंगेरीगांव, मनेरी, जामसरार, बरगांव, डोंगरगांव, मोहड़, माथलडबरी, रेंगाकठेरा, चिद्दो, जंतर, कोकपुर, आसरा, दर्राबांधा, तेंदूनाला और तिलईरवार गांव का दौरा किया। इस दौरे में भागवत साहू, दलेश्वर साहू, महेंद्र यादव, टीकेश साहू, सुयश नाहटा, गुलाब वर्मा, चेतन साहू, चंद्रिका रोहित सोनकर, सोनूराम साहू, प्रियंक जैन, संध्या सहित अन्य शामिल थे।

## चुनाव हार-जीत का नहीं लोकतंत्र बचाने के लिए

- भाजपा का घोषणा पत्र मोदी के फोटो एलबम के अलावा कुछ नहीं – राधिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी राधिका खेड़ा ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता लेकर कहा कि आज हम एक बहुत ही भीषण चुनाव के समय में हैं। देश में यह चुनाव किसी को जिताने या किसी को हराने के लिए नहीं है, बल्कि यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि मोदी जी जनता को मूर्ख बना रहे हैं।

प्रवक्ता राधिका ने कहा कि लगातार भाजपा के सांसद सार्वजनिक रूप से इस बात को बल दे रहे हैं कि हमें 400 पार सीटें जितनी हैं, क्योंकि हमें संविधान बदलना है। संविधान को मोदी भाजपा इसीलिए बदलना चाह रहे हैं क्योंकि उन्हें आरक्षण हटाना है, लोगों से उनके विरोध करने का छीनना है, सब कुछ अड़ानी अंबानी को बेच देना है और कोई सवाल ना कर सके, मीडिया को बंद करना है कि वो भी सवाल न उठा सके।




#### जनता मूर्ख नहीं

उन्होंने कहा कि कर्जमाफी के लिए एक अलग से आयोग बनाया जाएगा, क्योंकि भाजपा का किसानों पर आंसू गैस के गोले, किसान आंदोलन में 800 किसान शहीद हो गए। किसी को आप एक बार मूर्ख बना सकते हैं, दो बार मूर्ख बना सकते हैं, बार-बार अगर आप किसी को मूर्ख बनाने की सोच रहे हैं तो आप स्वयं मूर्ख हैं, जनता मूर्ख नहीं है। राजनांदगांव की हालत तो यह है कि जनता को यहां के सांसद का नाम तक पता नहीं है। चर्चित लापता सांसद के बारे में जनता बोल रही है कि 5 साल में एक भी बार दिखाई नहीं दिए।

#### भाजपा का मैनिफेस्टो एल्बम है

उन्होंने कहा कि भाजपा अपने मैनिफेस्टो में मोदी का 48 बार फोटो आता है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में राहुल की मात्र 3 बार फोटो है, इसीलिए भाजपा का ये मैनिफेस्टो नहीं है ये मोदी का फोटो एल्बम है। कांग्रेस ने कहा कि हम 3 लाख रिक्त पदों को भरेंगे। वहीं भाजपा के मैनिफेस्टो में नौकरियों का जिक्र ही नहीं हैं। भाजपा की मैनिफेस्टो मिशन 2047 मतलब आज से 23 साल बाद करने की बात किए हैं। देश के जवानों को जो 18 साल की उम्र में अग्निवीर बनेंगे, उन्हें 22 साल की उम्र में रिटायरमेंट कर देंगे। कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है, गारंटी दी है कि इस योजना को समाप्त किया जाएगा। हमने किसानों को एमएसपी पर लीगल गारंटी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू करने खेती-किसानी यंत्रों को जीएसटी के दायरे से दूर किया जाएगा।

## नक्सल मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर भाजपा ने की कड़ी निंदा



**राजनांदगांव।** सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारे गए 29 नक्सलियों के मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयान की भाजपा ने कड़ी निंदा की है। एक प्रेस कान्फ्रेंस करते भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को आड़े हाथों लिया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री पारख ने कहा कि 29 नक्सलियों का मारा जाना नक्सलियों के खिलाफ किसी प्रदेश में हुई सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है। यह पुलिस विभाग के अधिकारियों और बहादुर जवानों के साहस और सटीक रणनीति का कमाल है। हमें उन पर गर्व है। वहीं उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लेते कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताया था। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मारे गए नक्सलियों को शहीद बताया है और इस मुठभेड़ की जांच तक की मांग की है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी इस मुठभेड़ की जांच की मांग कर बैठे हैं।

### श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री तिरूपति बालाजी मंदिर स्टेशनपारा में वार्षिकोत्सव की शुरूआत हुई। वार्षिकोत्सव का समापन आगामी 20 अप्रैल को भंडारे के साथ होगा। समिति के सदस्यों द्वारा गत दिनों बैठक आयोजित कर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की थी। जिसमें 18 अप्रैल को ध्वज स्तंभ के साथ हनुमानजी की मूर्ति स्थापना के लिए तीन दिवसीय हवन-पूजन किए जाने का निर्णय लिया गया था। श्री तिरूपति बालाजी मंदिर धर्मार्थ सेवा समिति से मिली जानकारी के अनुसार 18 अप्रैल को ध्वज स्तंभ के साथ हनुमानजी की मूर्ति स्थापना की गई। जिसमें वार्डवासी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।









हम सौभाग्यशाली हैं कि श्रीराम मंदिर निर्माण के संकल्प से सिद्धि के साक्षी बनने का अवसर मिला: भावना बोहरा

# रामनवमी शोभा यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब, गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/पंडरिया

बुधवार को श्रीराम नवमी के अवसर पर पंडरिया विधानसभा में जय श्रीराम के जयकारे के साथ भक्तिमय का माहौल व वातावरण दिखा। पंडरिया नगर में भव्य शोभा यात्रा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल होकर मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पंडरियावासियों के विशेष सहयोग एवं विधायक श्रीमती भावना बोहरा के नेतृत्व में पंडरिया में श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से रामभक्त व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें। साथ ही साथ राजमहल चौक में अंचल शर्मा ग्रुप द्वारा भव्य भजन-संध्या का आयोजन किया गया, जहां रामभक्त संगीतमय संध्या में श्रीराम के भजन पर हर्षोल्लास के साथ नाचते-गाते व झुमते नजर आए।

इस दौरान पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा के ग्राम कुम्ही, धोबघट्टी, चारभाठा खुर्द, परसवारा एवं पलानसरी में जनसंपर्क कर केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जानकारी देते हुए 26 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में मतदान करने कि अपील की गई।

वहीं पंडरिया विधायक ने कहा कि आज भाजपा प्रधानमंत्री कुशल मार्गदर्शन में देशहित के लिए कार्य कर रही है। विगत 10 वर्षों में जो ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं उससे भारत को विश्व में एक नई पहचान मिली है। धार्मिक व सांस्कृतिक सभ्यताओं का संरक्षण, अंतरिक्ष में नए आयाम, रक्षा एवं सुरक्षाबलों के लिए अत्याधुनिक उपकरण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, किसानों का सम्मान और भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार मोदी सरकार की कुशल नीतियों ने देश की दशा और दिशा दोनों को बदलने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में भी जनता कह रही है कि श्री मोदी को चुनने का रीजन है, क्योंकि नरेन्द्र मोदी के पास विजन है। श्री मोदी का विजन एक विकसित भारत बनाने का है जो 2047 तक जनता के अपार समर्थन एवं आशीर्वाद से जरुर पूरी होगी। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## श्रीराम के प्रति रामभक्तों व नगरवासियों में भारी उत्साहः अभिषेक सिंह



पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतिक्षा का प्रतिफल अयोध्या में श्रीराम के नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर के रूप में हमें मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और हजारों कार सेवकों के बलिदान से आज हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि श्रीराम लला आज भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं मैं उन सभी को कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं। आज श्रीराम के प्रति रामभक्तों व नगरवासियों का उत्साह और भी बढ़ गया है हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम की महिमा को पूरा विश्व देख रहा है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसे ही प्रभु श्रीराम की महिमा को आगे बढ़ाने और हमारे धार्मिक स्थलों, सभ्यताओं और सभ्यताओं के संरक्षण के लिए लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेते हुए भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हों।

## श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य सूर्य तिलक आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहाः श्रीमती भावना

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज इस आयोजन में आए सभी रामभक्तों और पंडरिया विधानसभा के सभी परिवारजनों को श्रीराम नवमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहां कि श्रीरामलला के प्रति आपकी आस्था और विश्वास से आज का यह आयोजन भव्य और सफल हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए गौरवशाली भी रहा है कि अयोध्या में निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में श्रीराम विराजमान होने के बाद यह पहली श्रीराम नवमी है और इस सुअवसर पर सूर्य तिलक का अलौकिक अवसर का साक्षी बनने का अवसर हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। आज पूरा विश्व प्रभु श्रीराम की यह अलौकिक व दिव्य अवसर को देखकर आनंदित है। 500 वर्षों की प्रतिक्षा आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प से फलीभूत हुई है। सूर्यकुल भूषण श्रीरामलला के ललाट पर सुशोभित भव्य सूर्य तिलक आज अखिल राष्ट्र को अपने सनातन गौरव से आलोकित कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो भगवान राम के अस्तित्व पर ऊगली उठाते थे उनके लिए भी यह दिव्य अवसर कभी न भूलने वाला होगा। प्रधानमंत्री के सार्थक प्रयासों और हजारों कार सेवकों के बलिदान से हमें यह शुभ अवसर देखने को मिला है। आज इस शुभ अवसर पर पंडरिया में भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, इस दौरान हजारों की संख्या में आए रामभक्तों और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। अपने आराध्य श्रीराम के प्रति जन-जन की यह आस्था देखकर अत्यंत ही हर्ष हो रहा है और मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने इस आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई है।

# कुकदुर बुढ़ी माई मंदिर में धूमधाम से मनाई नवरात्रि किया जोत ज्वांरा विसर्जन



■ नौ दिनों तक पूजा अर्चनाकर किया जोत ज्वांरा विसर्जित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

शहर सहित ग्रामीण एवं सुंदूर वनांचल क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर सभी देवी मंदिरों में नौ दिनों तक माता रानी की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर विशेष श्रृगार किया गया। वहीं भक्तजनों द्वारा माता रानी की नौ दिनों तक जस सेवा किया गया। जिसमें विकासखण्ड पंडरिया अंर्तत स्थित मैंकल पर्वत वनांचल ग्राम कुकदुर स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां महामाया मंदिर में विराजमान बूढ़ी मईया की दरबार में भक्त जनों द्वारा प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी मनोकामना जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्वलित की गई।

जिसमें घृत की 10 जोत ज्वांरा ज्योति कलश एवं 64 तेल की ज्योति मनोकामना कलश कुल 74 ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई। मां भगवती की अनंत कृपा भक्तों पर सदैव से रही है इसलिए दूर-दूराज से भक्त जनों द्वारा अपनी मनोकामनाएं जोत ज्वारां ज्योति कलश प्रज्जवलित कराया गया।

इस वर्ष मध्यप्रदेश से मनोकमाना ज्योति कलश जलाई गई हैं तथा जिन महिलाओं के संतान नहीं है ऐसे महिलाएं अपने संतान की मनोकामना हेतु मां भगवती के चरणों में हऊला (बर्तन) में पानी से चरण धोकर मनोकामना की अर्जी लगाई इस तरह प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि एवं शारदीय नवरात्रि पर्व में जग ज्वांरा तथा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है, वहीं नगर भ्रमण कर जोत ज्वांरा ज्योति कलश प्रज्जवलित विसर्जन किया गया। वहीं दर्शन करने आसपास क्षेत्र के भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी।

# कुण्डा गुरूद्वारा में मत्था टेकर कर डिप्टी सीएम ने किया चुनाव प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरूवार को विधानसभा पंडरिया के ग्राम कुण्डा का दौरा किया। इस दौरान वे कुण्डा के गुरूद्वारा बब्बा डेरा भी गए जहां सिख समाज के धर्म गुरूओं की उपस्थिति में उन्होने गुरूद्वारा में मत्था टेका। तत्पश्चात उन्होने कुण्डा में स्थानीय भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात की। स्थानीय भाजपाईयों ने श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया। अपने कुण्डा प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पाण्डेय के पक्ष में जमकर चुनाव प्रचार भी किया और कई नुक्कड़ सभाएं भी ली। उनके साथ क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय बैठक में बच्चों के मुद्दों पर आस्था समिति का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत



हरिभूमि कवर्धा। छत्तीसगढ़ बाल अधिकार अभियान की राज्य स्तरीय बैठक बिलासपुर मितवा संस्था कार्यालय में 15 अप्रैल को हुई। इसमें छत्तीसगढ़ में बच्चों के मुद्दों पर विभिन्न जिला जिसमें बिलासपुर, रायपुर जांजगीर चाम्पा, कोरबा. कबीरधाम, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद एवं जशपुर के स्वैच्छिक संस्था प्रमुखों ने अपनी अपनी बात रखे। बैठक में आस्था समिति के अध्यक्ष दौलतराम कश्यप ने जिला मुंगेली में बच्चों के संरक्षण एवं देख-भाल एवं उनके अधिकार के लिए विगत तीन वर्ष में किये गये कार्यों का प्रगति प्रतिवेदन एवं मीडिया कवरेज पुस्तिका का प्रस्तुतिकरण किया। बच्चों के लिए चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना के माध्यम से संस्था द्वारा किये गये कार्यजिसमें कुल 1222 बच्चों को दी गई सेवाओं, जनजागरुकता ओपन हाउस कार्यक्रम आदि के माध्यम से शहरी स्लम बस्ती एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के कुल लगभग दो लाख लोगों तक सीधा पहुंच बनाया। कश्यप ने आगे बताया कि इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर कार्य किया। मीडिया कवरेज में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया में संस्था द्वारा किये गये कार्यों का संकलन अध्यक्ष एवं उमाशंकर कश्यप समन्वयक के कार्यों की सराहना किया है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ बाल नीति को लागू करने के लिए मंत्री एवं विभागीय अधिकारीयों तथा जिला स्तर पर ग्राम स्तरीय चाइल्ड प्रोटेक्शन समिति को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा किया। बैठक मे-मुनीष शुक्ला, संतोषी वर्मा, सुरेश शुक्ला, मधुलता पैकरा, लक्ष्मी जायसवाल, लतिश शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाएं।

# लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा कर रहीं जोर-शोर से प्रसार-प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट में से एक राजनांदगांव लोकसभा सीट है जिसमें कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी भूपेश बघेल को बनाया गया,



भूपेश बघेल के सक्रियता एवं उसके 5 वर्ष के विकास कार्य को देखते हुए ग्रामीण जनता का आशीर्वाद मिल रहा है।

दिनेश पाण्डेय ने बताया किया कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का एक झलक देखने के लिए जहां से भी उसका काफिला निकलता है जगह-जगह भव्य स्वागत व उसके संबोधित भाषण को सुनने के लिए ग्रामीणों की भीड़ दिखाई देता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह भाजपा के नेता घबराहट बढ़ गई है, इसलिए धीरे-धीरेकर बड़े-बड़े नेता को मैदान में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए उतारा जा रहा है। भूपेश बघेल अकेले राजनंदगांव क्षेत्र में भाजपा की प्रत्याशी संतोष पांडेय को चुनौती दिया जा रहा है तो दूसरी तरफ भूपेश बघेल को जीत से रोकने के लिए बड़े से बड़े नेता मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम, कैबिनेट मंत्री लगातार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में नजर बनाए हुए हैं इसलिए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल रहा है।

जिसमें दोनों पार्टी का प्रतिष्ठा दांव में लगा हुआ है भूपेश बघेल को जीत से रोकने के लिए लगातार तेज धूप में पसीना बहा रहे हैं बड़े से बड़े कद्दावर नेता मंत्री बाहर से भी आ रहे हैं और छत्तीसगढ़ के मंत्री विधायक भी राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में डेरा लगाए हुए हैं और संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं यह सबसे बड़ा चुनौती राजनांदगांव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।

क्योंकि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पूरे राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रहे हैं लगातार डोर-टू-डोर प्रचार प्रसार कर रहे हैं ऐसा कोई गांव नहीं है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को न जानता हो कि उसके नाम को ना सुना हो मुख्यमंत्री के पद में थे तब ऐतिहासिक विकास किया और अपने इन विकास के नाम से पूरे छत्तीसगढ़ से लेकर पूरे भारत देश में इसका नाम प्रसिद्ध है इसलिए भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा सीट से जीत से रोकना भारतीय जनता पार्टी के लिए सबसे बड़ा चुनौती है और इसी कारण लगातार बड़े से बड़े नेता लोग मैदान पर संतोष पांडेय के पक्ष में प्रसार प्रचार करते नजर दिखाई दे रहे हैं।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा व मार्गदर्शन में ऐतिहासिक काम हो रहे हैं: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/कुण्डा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के रेंगाखार, तरेगांव व कुण्डा में गुरूवार को जनसंपर्क कर क्षेत्र की जनता से मुलाकात की। देश को सशक्त नेतृत्व देने वाले नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने और क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को सांसद बनाने हेतु सघन जनसंपर्क और प्रचार किया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में ऐतिहासिक काम हो रहे हैं। भारत ने आधारभूत सुविधा, विनिर्माण, संचार, अनुसंधान में कई नए आयाम छुए हैं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 वर्ष में कोई घोटाला नहीं हुआ है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त की गई है। अयोध्या में दिव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है, सीएए कानून लागू हो गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने जनमन योजना शुरू की है यह योजना एक तरह का अभियान है जिसका पूरा नाम प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान है। इस योजना के माध्यम से आदिवासी समाज के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, रोजगार के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। इस योजना के तहत पहली किस्त जारी कर दी गई है अनेक स्थानों पर सुंदूर वनांचल क्षेत्रो में इसका लाभ पहुचने लगा है। इस योजना के तहत पीवीटीजी क्षेत्र में सड़क और टेलीफोन कनेक्टिविटी, पॉवर, सुरक्षित घर, पीने का साफ पानी, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण बेहतर ढंग से पहुंच सकें, इस दिशा में प्रधानमंत्री कदम आगे बढ़ा चुके है इसका लाभ कवर्धा जिले को भी मिल रहा है इस योजना के तहत करोड़ो रूपए के 41 सड़क वनांचल क्षेत्र को मिला है। उन्होंने कहा देश में पहली बार उनके कार्यकाल में देश के सर्वोच्च पद पर महिला आदिवासी रास्ट्रपति बनती है, छत्तीसगढ़ में असली आदिवासी बेटा विष्णुदेव मुख्यमंत्री बनते है और डबल ईजन की सरकार बनते ही मोदी की गारंटी तय सीमा में पूरा होने लगता है। छत्तीसगढ़ सरकार बनने के बाद 18 लाख प्रधानमंत्री आवास जारी हो गए, किसानों के उपज का सर्वोच्च खरीदी इस सरकार ने की है, धान के समर्थन मूल्य के अंतर बोनस को एक मुश्त किसानो के खाते में अंतरण किया गया और विवाहित बहनो, माताओं को हर माह 1 हजार रूपए मिलने लगे। उन्होंने कहा देश के साथ साथ राज्य के विकास के लिए डबल ईजन की सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा भारत के सांस्कृतिक गौरव को पुनःस्थापित करने के साथ-साथ तेजी से विकसित भारत बनाने के लिए रात दिन मेहनत करने वाले मोदी के संकल्प को पूरा करना है अबकी बार 400 पार कर भारी बहुमत से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इस दौरान जिला भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थें।

भव्य महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन, राम मय हुआ नगर

# श्रीराम नवमी महाआरती में शामिल हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भगवान श्रीराम के 500 वर्ष बाद अयोध्या श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उपरांत पहले श्रीराम नवमी पर हर्षोउत्साह व धूमधाम से राम नवमी के अवसर पर स्थानीय भारत माता चौक में हिन्दू नववर्ष उत्सव समिति ने पहली बार महाआरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों के साथ-साथ नगरवासियों ने श्रीराम की भव्य आरती में शामिल हुए। शाम 7 बजे से देर रात तक लोग स्थानीय कलाकार छन्नू एवं उनके टीम के कलाकारों के भजन में झूमते दिखे। समिति सदस्य चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा हिन्दू नववर्ष समिति चैत्र प्रतिप्रदा को हिन्दू नववर्ष के स्वागत में लगभग 15 वर्षो से से शोभा यात्रा का दिव्य एवं भव्य आयोजन करता रहा है, कवर्धा का हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा की ख्याति पूरे अंचल में है।

श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण पश्चात यह पहला श्रीराम नवमी है जब सनातनी भाइयों का उत्साह चरम पर है, श्रीराम लला के मंदिर में प्रतिष्ठा के बाद इस श्रीरामनवमी में पूरे देश में बड़े-बड़े आयोजन हुए कवर्धावासियों के साथ हिन्दू नववर्ष समिति ने रामनवमी पर श्रीराम प्रभु के महाआरती एवं भजन संध्या आयोजित किया गया।

जिसमे नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं वातावरण श्रीराम मय हो गया व नगर जय श्रीराम की जयघोष से गुंजायमान रहा। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक साहू, डॉ सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, श्रीमती रेखा संतोष पाण्डेय, अनिल सिंह, कैलाश चन्द्रवंशी, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, श्रीमती मधु तिवारी, दिनेश ठाकुर, रामशरण चंद्रवंशी, योग गुरु लेखु बाबा, राजेन्द्र सलूजा, श्रीकांत उपाध्याय, रिंकेश वैष्णव, पियूष टाटिया, डॉ आनंद मिश्रा, सुनील दोषी, रामकुमार ठाकुर, रघुनाथ योगी, अजय ठाकुर, रामविलास चन्द्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, दुर्गेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं नगरवासी गण उपस्थित थें।

## जहां श्रीराम का जन्म हुआ उसी अयोध्या नगरी में भगवान के मन्दिर बनाने के लिए 500 वर्ष संघर्ष करना पड़ाः श्री शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महाआरती में शामिल होकर श्रीराम नवमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी भारत भूमि में अपने गांव मोहल्ले में श्री रामायण की कथा कहा करते थे सुना-सुनाया करते थे, लेकिन उसी स्थान पर जहां श्रीराम का जन्म हुआ उसी अयोध्या नगरी में भगवान के मन्दिर बनानें के लिए 500 वर्ष संघर्ष करना पड़ा। पीढ़यिां बदलती रही लेकिन समाज का संकल्प नही बदलता जिसका परिणाम ये हुआ कि आज हम सब के सौभाग्य का उदय हुआ भगवान श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान हुए। श्रीराम मंदिर हमारे स्वाभिमान का विषय था अब मन गदगद है भगवान मंदिर में प्रतिष्ठित हुए, नरेंद्र मोदी के आने के बाद जो परिवर्तन देश में हुआ उनमे कार्य काल में श्रीराम मंदिर का बनना युग परिवर्तन जैसे है। भगवान का जन्मदिन है उन्होंने अपना जन्मदिन अपने मंदिर में मनाया यह पूरे भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है ऐसे आयोजन प्रतिवर्ष होते रहे, उन्होंने कार्यक्रम के लिए समिति के सदस्यों को बधाई दी।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

Name change

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I PURSHOTTUM GUPTA S/O JAGANNATH GUPTA RESIDENT OF 22, MAHBOOB SHAH DATAR WARD, KAWARDHA (m), KABEERDHAM, CHHATTISGARH, 491995 HAVE CHANGED MY NAME TO PURUSHOTTAM GUPTA FOR ALL FUTURE PUROPSE.

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## समस्या: भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता हलाकान

# वनांचलवासियों को नहीं मिल पा रही सुचारू रूप से बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ जिले के वनांचल ईलाकों में बिजली का रोना बढ़ गया है। वनांचल के कुई विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले ग्राम नेऊर, महीडबरा, घोघरा, मजगांव, अमनिया, अमलीटोला, बाहपानी, बांगर, राहीडांड, साईटोला, पुटपुटा, पोलमी, भाकुर, सहित अन्य ग्रामों के उपभोक्ताओं की माने तो इन दिनो उन्हें सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पारा है और दिन कई बार बिजली की आंख मिचौली जारी है। जिससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में हलाकान तथा परेशान होना ही पड़ रहा है साथ ही उनके दूसरे कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। गौरतलब है कि मार्च माह की समाप्ति के साथ ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि अप्रैल माह में हुई बेमौसम बारिश, ओला वृष्टि के बाद अब माह के मध्यम में शहरी क्षेत्रों से लेकर वनांचलों में भीषण गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। जिसके चलते वनांचलों में भी बिजली की खपत अचानक बढ़ गई है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्य विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचोली से राहत मिल सकती है। लेकिन वनांचल में मौजूदा विद्युत व्यवस्था को देखते हुए ऐसा लगता है कि इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है जिसका खामियाजा भीषण गर्मी में वनांचल के उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हो रहा सुधार कार्य



विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण उपभोक्ताओं ने विद्युत फाल्ट आने के बाद इसकी सूचना संबंधित लाईनमेन तथा विद्युत सब स्टेशन में दी जाती है लेकिन सुधार कार्य में भारी लेट लतीफी की जाती है। कई बार तो विद्युत सुधार कार्य के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है और अगर रात के समय लाईन चली गई तो फिर लेने के देने पड़ जाते हैं उपभोक्ताओं को कई बार पूरी रात बगैर बिजली के ही करवटें बदलते हुई भीषण गर्मी में अपनी रात गुजारनी पड़ती है। ऐसे हालातों में उपभोक्ताओं ने विभाग से विद्युत व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

### बिजली चोरी भी एक बड़ी समस्या, विभाग नहीं कर रहा है कार्यवाही

वनांचल के उपभोक्ताओं ने बताया कि यहां बिजली चोरी भी एक बड़ी समस्या है। जिस पर विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसे उपभोक्ता जो बकायदा बिजली बिल का भुगतान कर बिजली का उपयोग करते हैं उन्होने बताया कि वनांचल क्षेत्र में कई लोगों द्वारा मुख्य लाईन में हुक फंसाकर बिजली की चोरी की जाती है। ऐसे लोगों की संख्या एक दो नहीं बल्कि बहुत ज्यादा है। जिसके कारण मुख्य लाईन में हुकिंग के चलते लगातार फाल्ट का रहे है और बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा भी नहीं है कि विद्युत विभाग इस बात से अंजान हो लेकिन सब कुछ जानने के बाद भी विभाग द्वारा इस पर कोई कार्यवही नहीं की जा रही है। जिसका खामियाजा उप उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा रहा है जो बिजली खरीदकर उपयोग कर रहे हैं।



# मंदिरों के गर्भगृह में प्रवेश वर्जित करने आदित्यवाहिनी ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदित्यवाहिनी कवर्धा द्वारा नगर के विभिन्न मंदिरों में जाकर गर्भ गृह में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश को वर्जित करने संबंधी अपील की तथा इसके लिए एक अभियान भी शुरू किया है जिसके तहत आदित्य वाहिनी के पदाधिकारी तथा सदस्य मंदिरों तक पहुंच रहे है और मंदिर समिति तथा पुजारी के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं।

इस संबंध में आदित्यवाहिनी के पदाधिकारियों ने कहा कि ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरीपीठ के वर्तमान 145 वें श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्दसरस्वतीजी महाभाग कुछ वर्ष पूर्व कबीरधाम जिले के ग्राम सारंगपुरखुर्द में आयोजित धर्मसभा में गर्भ गृह में सब के प्रवेश संबंधी प्रश्न के समाधान में बताया था कि मंदिरों के गर्भ गृह में केवल परंपरा प्राप्त पुजारी का ही प्रवेश होना चाहिए। सनातन धर्म में विधि और निषेध की प्रधानता होती है। प्रायः लोग कोरी भावुकता के वशीभूत होकर अशुद्ध अवस्था में एवं बिना शास्त्रीय पोशाक धारण किए तथा विधि निषेध का पालन किए बिना मंदिरों के गर्भ गृह में प्रवेश करते हैं जिससे देवी देवताओं का तेज तिरोहित हो जाता है।

परम पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने संकेत किया था कि मन्दिर निर्माण की कुछ शास्त्रीय विधा परम्परा होती है। जब बिजली के प्रयोग को लेकर विधि-निषेध का नियम क्रियान्वित होता है तो उसके पीछे यह कारण होता है कि इसके प्रयोक्ता लाभ ले सकें तथा हानि से बच सकें, इसके लिए विधि-निषेध का निर्माण किया गया।

इसके पीछे न राग था, न द्वेष था, न कोरी भावुकता थी और न अज्ञानता ही थी। इसी प्रकार सनातन वेदादि शास्त्रों के आधार पर जल-थल-नभ में व्यापक जो सच्चिदानंद स्वरूप परमात्मा हैं, उन्हें मांत्रिक, तांत्रिक विधा से अर्चा विग्रह में अभिव्यक्त किया जाता है। भगवान का वह दिव्य तेज विद्यमान रहे, इस भावना से वेदादि शास्त्रों के मर्मज्ञ मनीषियों ने मूर्ति के पूजन के संबंध में नियम तय किए हैं।

### मंदिर में इन नियमों का करना चाहिए पालन

मंदिरों के गर्भ गृह में प्रवेश निषेध के प्रकल्प को लेकर आदित्य वाहिनी कवर्धा एवं युवाओं ने धर्म नगरी कवर्धा शहर के प्रमुख देवी मंदिरों के समितियों और सेवकों से आग्रह करते हुए पूज्य गुरुदेव जी के संदेश को प्रत्येक मंदिरों तक पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है और सभी से मंदिरों से आग्रह करते हुए कहा गया हमारे सभी मंदिरों की गर्भगृह पवित्रता शुद्धता सदैव बनाए रखने का प्रयास करें! उक्त प्रकल्प में आदित्य वाहिनी के समस्त पदाधिकारियों एवम सदस्यों के साथ कवर्धा के प्रतिष्ठित जन, युवा उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप



#### ज्योति कलश व जंवारा का किया गया विसर्जन

**पंडरिया।** नगर के महामाया मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरों में बुधवार को ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। साथ ही कन्या पूजा कर भोज कराया गया। नगर से सटे ग्राम मैनपुरा में जंवारा विसर्जन किया गया। महामाया मंदिर से बुधवार को रामनवमी पर ज्योति कलश व जंवारा का पूजन कर दर्शन के लिए सभी मोहल्लों में ले जाया गया। इसके बाद ग्राम के तालाब में विसर्जन किया गया।

#### मतदान के दिन मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**कवर्धा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियत मतदान तारीख में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1953 अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थाओं के स्थापना में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को राज्य के संसदीय क्षेत्र में मतदान तारीख को शासन ने सवेतन अवकाश घोषित किया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम, द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन को दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए हैं।

# प्रतिबंधात्मक आदेशों के बावजूद खप रही अवैध शराब




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में लोकसभा चुनाव की कानूनी व्यवस्था और त्यौहारों में जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशो के बाद भी शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में जमकर अवैध शराब बिक रही है। हैरानी की बात यह है कि इन दिनो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी सीमाओं पर चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था की गई जिसके चलते दूसरे जिले अथवा राज्य से तो जिले के भीतर शराब अवैध शराब की खेप पहुंचना मुमकिन नहीं है तो फिर सवाल यह उठ रहा है कि जिले में जिस मात्रा में अवैध शराब बिक रही है वह अवैध शराब बिक्रेताओं के पास कहां से आ रही है जबकि जिले में शराब का कारोबार तो स्वयं आबकारी विभाग कर रहा है। ऐसे में चर्चा का विषय है कि आबकारी विभाग कोचिओ के माध्यम से शराब खपा रही है तो पुलिस उसे पकडऩे का काम कर रही है। इसी कड़ी में जिले की बाजार चारभाटा चौकी पुलिस ने रामनवमी पर प्रशासन द्वारा घोषित शुष्क दिवस पर मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को अवैध शराब बिक्री करते दबोचा है। इस संबंध में चौकी प्रभारी तारन दास डहरिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामनवमी पर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी राकेश पारधी और चंदू कौशिक को गिरफ्तार किया गया है और उनके कब्जे से अवैध शराब जप्त की गई है। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया हैं। इसी प्रकार 18 अप्रैल को नया बस स्टैंड पंडरिया सुलभ शौचालय के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पंडरिया पुलिस मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ग्राहक तलाश कर रहा था। तभी घेराबंदी करके आरोपी की गिरफ्तारी हुई। आरोपी का नाम करण बघेल है, जो पंडरिया का ही निवासी है। आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी की गिरफ्तारी कर उसे ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो जिले में लोकसभा चुनाव की कानूनी व्यवस्था और त्यौहारों में जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशो के बाद भी धड़ल्ले से अवैध शराब खप रही है।

### राजमहल कॉलोनी में शिवमहापुराण कथा का आयोजन

**कवर्धा।** श्रीमद् भागवत भगवान समिति एवं समस्त राजमहल कॉलोनी के बासिंदों द्वारा राजमहल कालोनी में गत 17 अप्रैल से सात दिवसीय श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।



जिसमें कथावाचक आचार्य मनोज कृष्ण शास्त्री गुरु प्रदत्त नाम श्री गुरु चरण श्री धाम वृंदावन द्वारा शिव महापुराण कथा का श्रोताओं को श्रवणपान कराया जा रहा है। उनके द्वारा सात दिवस में मुख्य रूप से शिव कथा का महत्तम, श्री राम विवाह, शिव विवाह, गणेश जन्मोत्सव, शालिग्राम जी का महत्तम एवं हनुमान जन्मोत्सव की कथा सुनाई जाएगी। कथा का 23 अप्रैल को किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन स्थानीय सहित आसपास के श्रोता कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर श्री शिव महापुराण की कथा सुनकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं।

# पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने जिले के पेट्रोल पंप संचालकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रियान्वयन एवं निष्पादन अवधि तक अपने पेट्रोल पंप में डीजल 3000 और पेट्रोल 1000 लीटर स्टॉक हमेशा उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। अपर कलेक्टर श्री भोई ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार पेट्रोल व डीजल पर्ची उपलब्ध कराएंगे एवं पेट्रोल पंप में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रखने कहा गया है।

# भारतीय किसान संघ ने गन्ना पेराई एक सप्ताह बढ़ाए जाने की रखी मांग

- कारखाना ने 21 अप्रैल से गन्ना पेराई सत्र समाप्त किए जाने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय किसान संघ ने भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के प्रबंध संचालक को ज्ञापन सौंपकर कारखाना का पेराई सत्र बढ़ा जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना प्रबंधन ने चालू पेराई सत्र की समाप्ती के लिए तीसरी और अंतिम सूचना सार्वजनिक कर दी है जिसके मुताबकि कारखाना का चालू पेराई सत्र 21 अप्रैल को बंद कर दिया जाएगा। लेकिन भारतीय किसान संघ ने क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानो की खेतों में खड़ी गन्ना फसल और उनकी समस्याओं को देखते हुए पेराई सत्र आगे बढ़ाने की मांग की है।

इस संबंध में भारतीय किसान के जिलाध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी ने कारखाना के प्रबंध संचालक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि कारखाना द्वारा वर्तमान पेराई सत्र को 21 अप्रैल को बंद करने का सूचना जारी की है। उन्होने कहा कि क्योंकि चूंकि कारखाना के पेराई सत्र के दौरान इस बार मार्च और अप्रैल माह बेमौसम बारिश, ओला वृष्टि कई दिनो तक जारी रही है और इसके अलावा नवरात्रि, रामनवमी तथा वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

जिसके चलते गन्ना उत्पादक किसान गन्ना कटाई में समय नहीं दे पाए हैं और उनकी फसल अभी भी खेतों में खड़ी है। ऐसी स्थिति में निर्धारित समय 21 अप्रैल तक सभी शेयर होल्डर किसानों का गन्ना कारखाना नहीं पहुंच पायेगा। किसान संघ ने कारखाना प्रबंधन से किसानो की समस्याओं को देखते हुए पेराई सत्र को कम से कम एक सप्ताह तक बढ़ाए जाने की मांग की है। अब देखना होगा कि कारखाना प्रबंधन आगे क्या निर्णय लेता है।

### रामनवमी शोभायात्रा...



**पंडरिया। नगर पंचायत पंडिरया में आयोजित राम नवमीं की शोभा यात्रा में शामिल हुए** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह तथा पंडरिया विधायक भावना बोहरा

## मंदिर में मंत्रोचार के साथ की पूजा अर्चना, प्रदेश की खुशहाली की करी कामना

# प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए कवर्धा पहुंचे डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा अपने गृह शहर रामनवमी के अवसर पर पहुंचे और इस शुभ अवसर पर प्रभु जानकी रमन प्रभु देवालय में श्रीराम की पूजा अर्चना की।

विदित हो कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा चुनाव के समय में अत्यंत व्यस्त होने के बावजूद अपने गृह ग्राम आते जाते हैं और खासकर कवर्धा के धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं। रामनवमी के ऐतिहासिक उत्सव के पल को और भी खास बनाने के लिए स्वयं उपमुख्यमंत्री कवर्धा शहर के कचहरी पारा स्थित प्रभु जानकी रमण प्रभु देवालय पहुंचे। जहां मंदिर के प्रमुख पुजारी अखिलेश शुक्ला ने मंत्रोउच्चार के साथ पूजन व आरती करवाया। विजय शर्मा ने मंदिर की परिक्रमा कर जिला वासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

उपमुख्यमंत्री सीएम विजय शर्मा ने कहा कि यह पल हमारे लिए ऐतिहासिक है। अयोध्या में 500 साल के बाद श्रीराम जी का सूर्य तिलक किया गया। पूरे देश में रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। राम धुन में लोग मग्न हैं। सम्पूर्ण देश भगवामय हो गया हैं। सनातनी गदगद नही समा रहें हैं। प्रभु श्री राम से यही मेरी कामना है कि प्रदेश में खुशहाली बनी रहें।

वही इस अवसर पर हरिहर उपाध्याय, रामबिलास चंद्रवंशी, दुर्गेश पांडेय, अनुराग उपाध्याय, विक्की गुप्ता, अजय गुप्ता, निशांत झा, प्रवीण शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारत निर्वाचन आयोग के समय सारणी अनुसार छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में आगामी 26 अप्रैल 2024 को मतदान होगा।

कबीरधाम जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कमिशनिंग का कार्य नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाई गई मतगणना हाल में किया जा रहा है। कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर और अभ्यार्थियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम का सील विविधत खोला गया। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई गई है। आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉकपाल भी किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, बैठक कक्ष, जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था कक्ष, सीटी टीवी निगरानी कक्ष, सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होने मतदान दल रवानगी एवं इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीन वापसी और मतगणना दिवस के दिन के लिए पार्किंग व्यवस्था का अवलोकन किया और इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि जिले के कवर्धा एवं पंडरिया इन दोनों विधानसभा क्षेत्र के इलेक्ट्रानिंग वोटिंग मशीनों की सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का वितरण, मतदान दल की रवानगी, मतगणना स्थल, और मतगणना दिवस के दिन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रिटर्निंग आफिसर, जिला निर्वाचन अधिकारी की अलग-अलग बैठक व्यवस्था एवं मॉनिटरिंग कक्ष बनाएं जाएंगे।